@Fair Report @Fair_report @fairreportnews @Fair report

# FAIR REPORT

*THE DAWN OF A FEARLESS PEN*

Jaipur, Sunday, 05 october 2025 | PRGI No. - T/RJ/BIL/00000020 | Vol 1 | Issue No.- 35 | Pages 04 | ₹3.00

## Jaishankar Drops Gauntlet: PoK 'Was, Is, and Will Always Be' Part of India

FAIR REPORT



**New Delhi :** In a bold declaration likely to reverberate across borders, External Affairs Minister S. Jaishankar today asserted that Pakistan-Occupied Kashmir (PoK) is, and will forever remain, an integral part of India.

"This is not a party position — this is a national stand," Jaishankar said at a press conference in the capital, reiterating that India's claim on PoK is backed by parliamentary consensus and rooted in historical and legal legitimacy. Jaishankar made it clear that India's engagement with Pakistan would revolve around two issues alone: cross-border terrorism and the return of PoK. "There will be no compromise on either," he stated firmly. The minister's comments come amid renewed geopolitical focus on the region, and analysts believe the timing is deliberate — signaling India's unyielding stance ahead of potential international dialogues.

Echoing past parliamentary resolutions, Jaishankar stressed that the entire region of Jammu and Kashmir — including PoK — is an integral part of India. "Our position has always been clear: PoK is India. Full stop." He also warned against any attempts to blur or dilute India's sovereign claims. "Any deviation from this position is not on the table," he added. Experts see the remarks as part of a broader diplomatic push to reinforce India's territorial claims while isolating Pakistan's narrative on the global stage.

## UK PM Keir Starmer to Visit India on October 8–9; Trade, Tech, and Strategic Ties on the Agenda



FAIR REPORT

**New Delhi**, In a significant diplomatic move, British Prime Minister Keir Starmer will embark on his first official visit to India on October 8–9, at the invitation of Prime Minister Narendra Modi. The two-day visit signals renewed momentum in India–UK relations, especially following the landmark Comprehensive Economic and Trade Agreement (CETA) signed earlier this year.

The Ministry of External Affairs confirmed the visit on Friday, stating that the two leaders will review progress under the India–UK Comprehensive Strategic Partnership, with a focus on trade, defence, clean energy, climate cooperation, education, and technology. Starmer's visit is expected to culminate in a high-level bilateral meeting in New Delhi, followed by a business engagement in Mumbai, where both leaders are scheduled to address the Global Fintech Fest 2025 — underscoring their shared interest in tech-driven economic growth.

The India–UK trade corridor has witnessed renewed vigour after CETA, with sectors such as fintech, pharmaceuticals, education, and manufacturing poised for deeper collaboration. Officials say finalising sector-specific implementation frameworks will be high on the agenda.

However, the visit isn't without its political undercurrents. Rights groups and UK lawmakers have urged Starmer to raise the case of Jagtar Singh Johal, a British national detained in India since 2017. Human rights advocates have called the case a "litmus test" for Starmer's foreign policy principles. Diplomatic analysts view the timing as crucial. "Post-Brexit Britain is looking east, and India is a natural partner," said a former Indian diplomat. "But converting intent into influence requires more than handshakes."

With global geopolitics shifting and economic alliances evolving, Starmer's India visit will be closely watched — not just for deals struck, but for the tone it sets on the future of India–UK relations.

## Govt Begins Drive to Return Funds

FAIR REPORT



**New Delhi:** The Indian government has initiated a special three-month campaign to return 1.84 lakh crore of unclaimed financial assets to their rightful owners. The initiative, named "Aapki Poonji, Aapka Adhikar", was announced by Union Finance Minister Nirmala Sitharaman and targets assets lying with banks and regulatory authorities without any claims.

According to Sitharaman, these unclaimed assets include bank deposits, insurance policies, provident funds (PF), and shares, which remain dormant due to lost records, forgotten accounts, or other administrative reasons. The campaign aims to identify and connect these assets with their legitimate owners, ensuring financial rights are restored efficiently.

The government has instructed banks, insurance companies, and other financial institutions to proactively reach out to account holders or their nominees, using digital platforms, public notices, and targeted communications. Special measures will also be taken for cases where original account holders are deceased, allowing legal heirs to claim the funds under simplified procedures.

This campaign is part of the government's broader effort to enhance transparency in the financial system, protect citizens' wealth, and reduce dormant funds accumulating in institutional accounts. Experts say this move could boost liquidity in the economy while reinforcing trust in formal financial channels.

Sitharaman emphasized, "These financial assets rightfully belong to the citizens, and it is the responsibility of institutions to ensure they reach their rightful owners. This initiative underscores our commitment to protecting individual financial rights and fostering inclusive growth."

The campaign is expected to be closely monitored at the central level, with periodic audits and public updates on progress. Citizens are encouraged to check their accounts and claim any unclaimed funds through official portals or by visiting designated bank branches.

With this effort, the government hopes to return dormant wealth to millions of individuals, reaffirming the principle that financial ownership rests with the people, not institutions.

## Copper Hits Record Highs on Supply Crunch

FAIR REPORT

**New Delhi:** Copper prices are climbing sharply, with MCX futures in India at 976.50/kg, up over 20% this year. Global markets mirror the trend: LME prices near $10,000/tonne and Shanghai futures up 8%.

The surge follows a major supply disruption at Indonesia's Grasberg mine, where a September mudslide forced Freeport-McMoRan to declare force majeure, cutting roughly 591,000 tons from global output. Demand remains strong, driven by China's industrial rebound, EV production, and renewable energy projects. The weakened U.S. dollar has also spurred investor interest in copper as a safe-haven commodity. Analysts warn tight supply could persist into 2026, potentially triggering the largest deficit since 2004. With demand rising and production constrained, copper's rally underscores its critical role in industry and the global economy.

## India's Hidden Rare Earth Wealth Revealed

FAIR REPORT

**New Delhi:** Beneath India's sunbaked coasts and ancient riverbeds lies a treasure the world is now chasing — rare earth elements (REEs), the silent enablers of the modern age. From the chip inside your smartphone to the motor driving an electric car, these 17 metallic elements are the invisible heartbeat of global technology. And in this global minerals marathon, India quietly holds one of the largest keys to the future.

According to the latest geological assessments, India possesses over 8.5 million tonnes of rare earth reserves, placing it among the top five countries globally, alongside China, Brazil, Australia, and Russia. Yet, the story beneath these statistics tells of paradox and potential. While China continues to dominate with 70% of global output, India contributes less than 1% — a fraction of what its geology promises. The Fair Report Desk's independent analysis finds that the challenge isn't abundance but access and ambition. Much of India's rare earth wealth lies trapped in monazite sands along the southern and eastern coasts — a mineral that also contains thorium, a radioactive element. This dual nature makes extraction technologically complex and highly regulated. However, winds of change are blowing. Under the National Critical Minerals Mission, India is beginning to chart a strategic roadmap to explore, process, and refine rare earths indigenously.

## Nation Honors Tamil Nadu's Brave Freedom Fighters

FAIR REPORT

**New Delhi**, On this day, India remembers two towering figures of the freedom movement — Tiruppur Kumaran and Subramaniya Siva — both hailing from Tamil Nadu, whose lives were marked by unwavering patriotism and personal sacrifice in the fight against British colonial rule.

Tiruppur Kumaran, revered as "Kodi Kaththa Kumaran" (Kumaran who guarded the flag), died while holding the Indian national flag aloft during a protest march in 1932. Despite being brutally beaten by British police, he refused to let the flag touch the ground — a moment that has since come to symbolise ultimate defiance and martyrdom.

Subramaniya Siva, a fiery orator and writer, used his pen and voice to ignite the spirit of nationalism among India's youth. Imprisoned multiple times for his revolutionary writings, Siva's health deteriorated in jail, but his determination never wavered. His legacy lives on in the powerful Tamil prose and speeches that once roused a generation.

Today's remembrance is not just ceremonial, but a reflection on the values these revolutionaries championed — courage, cultural pride, and an unrelenting commitment to national unity. Prime Minister and several political leaders paid homage to the two icons on social media, calling their lives "an enduring inspiration for future generations." Historians and scholars also highlighted their influence in awakening nationalist fervour across southern India, often overshadowed in mainstream narratives. As the nation progresses into its 78th year of independence, the stories of Kumaran and Siva remain vital reminders of the human cost of freedom — and the responsibility that comes with it. Their sacrifices continue to inspire new generations to serve the nation with the same conviction and courage.

## CJI Gavai Slams 'Bulldozer Justice': "We're Ruled by Law, Not Fear"

FAIR REPORT



**Mauritius**: In a powerful rebuke of arbitrary state action, Chief Justice of India D.Y. Gavai declared that India must remain governed by the rule of law — not by the "rule of the bulldozer." Delivering the Sir Maurice Rault Memorial Lecture in Mauritius, CJI Gavai warned against governments bypassing legal procedures by demolishing homes of accused individuals without due process. "The legal system cannot allow the State to act as judge, jury, and executioner," he said. Without naming any state directly, Gavai's comments come amid growing criticism of "bulldozer politics" in parts of India, where authorities have razed properties allegedly linked to criminals or protesters without court orders.

Quoting Article 21 of the Constitution — the right to life and personal liberty — the Chief Justice said, "Even a criminal is entitled to dignity. Due process is not a formality, it's the foundation of justice."

He referenced a landmark 2024 Supreme Court verdict that held such demolitions unconstitutional if done without notice or trial. "Legality alone is not enough. Justice requires fairness," he said. The lecture, titled "Rule of Law in the Largest Democracy", was attended by top Mauritian leaders including President Dharambeer Gokhool and Chief Justice Rehana Mungly-Gulbul. CJI Gavai also cited key Supreme Court judgments — from the right to privacy to the decriminalisation of adultery — as proof of India's deep-rooted constitutional values. "Our courts have consistently defended the individual against unchecked power," he added.

In an era of executive overreach and headline-driven crackdowns, Gavai's words were a firm reminder: Justice in India must be delivered by courts, not bulldozers.

FAIR RAJASTHAN



## ब्रीफ खबरें

### हाड़ौती भाषा में मंत्री बोले, म्हारो नम्बर ले ल, माड़साब न आव तो...



**जयपुर।** प्रदेश के ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर इन दिनों कोटा विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर हैं। इस दौरान ईदलपुरा में आयोजित चौपाल में जनसुनवाई के दौरान एक स्कूली छात्र ने उनसे टीचर के समय पर स्कूल नहीं आने की शिकायत की। इस मंत्री ने नाराजगी जताई और शिक्षक को समय पर आने के लिए पाबंद किया। उन्होंने छात्र से यह भी कह दिया कि मेरा मोबाइल नंबर नोट कर लो, अगर अभी कोई शिकायत हो, तो मुझे फोन कर देना। मंत्री ने हाड़ौती भाषा में कहा, 'तू म्हारो नम्बर ले ल, काई भी बात हो, तो फोन कर दी ज। बाद में कहा कि 'माड़साब ना हो तो फोन कर दी ज।' इस दौरान वहां उपस्थित लोगों की हंसी छूट गई, लेकिन बच्चों ने अपनी जेब से मोबाइल निकाला और उसमें मंत्री नागर के नंबर सेव करने लगा। तब मंत्री ने पूछा नम्बर सेव करना आता है, या नहीं? तब बच्चे ने मना कर दिया। ऐसे में मंत्री ने पास बैठे जिला प्रमुख मुकेश मेघवाल को मोबाइल दिया और सेव करने के लिए कहा। इसी दौरान स्कूल शिक्षक पर विद्यालय भवन का मलबा चुराकर अपने घर ले जाने को लेकर की शिकायत भी की। साथ ही स्कूल छत की पट्टियां और पत्थर ले जाने का आरोप लगाया। इस पर ऊर्जा मंत्री नागर ने शिक्षक को निर्माण सामग्री वापस लाने के निर्देश दिए। सामग्री वापस नहीं लाने पर शिक्षक के खिलाफ चोरी की एफआईआर दर्ज कराने की बात कही। साथ ही रोजाना समय से स्कूल आने के लिए पाबंद किया।

### जिला कलेक्टर हाजिर होकर पेश करें स्पष्टीकरण

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने वन भूमि पर अतिक्रमण से जुड़े मामले में कानून व्यवस्था खराब होने का हवाला देते हुए अदालती आदेश का पालन नहीं करने पर भरतपुर जिला कलेक्टर को 14 अक्टूबर को व्यक्तिगत या वीसी के जरिए पेश होने के लिए कहा है। वहीं कलेक्टर को शपथ पत्र पेश कर बताने को कहा है कि उन्होंने 23 मार्च 2021 के आदेश की पालना और 4 मई 2022 की मीटिंग में लिए निर्णयानुसार कार्रवाई क्यों नहीं की?। जस्टिस महेंद्र कुमार गोयल व जस्टिस संजीत पुरोहित की खंडपीठ ने यह आदेश रामशरण की अवमानना याचिका पर दिए। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से मौजूदा स्थिति और मामले में आयोजित की गई मीटिंग पर की कार्रवाई का ब्यौरा देने के लिए समय मांगा।

### मासिक रिपोर्ट पेश करने के पुलिस को आदेश

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने नाबालिग किशोरी के लापता होने के मामले में नीम का थाना पुलिस को आदेश दिए हैं कि वह लापता की बरामदगी होने तक उसे तलाश करने के प्रयास की मासिक रिपोर्ट जिला पुलिस अधीक्षक के समक्ष पेश करें। अदालत ने एसपी को मॉनिटरिंग करने को कहा है। जस्टिस अवनीश झिंगन और जस्टिस बीएस संधु की खंडपीठ ने यह आदेश रेणु की बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका का निपटारा करते हुए दिए। अदालत ने कहा है कि यदि याचिकाकर्ता असंतुष्ट हो तो वह जांच की निगरानी के लिए संबंधित मजिस्ट्रेट से संपर्क करने के लिए स्वतंत्र है। यदि याचिकाकर्ता मजिस्ट्रेट के समक्ष आवेदन करे तो संबंधित न्यायालय विधि अनुसार मामले पर तत्काल विचार करे।

### अदालतों में 15 लाख केस लंबित, 50% में चार्जशीट नहीं हुई पेश

**जयपुर।** राजस्थान में लाखों केस अदालतों में पेडिंग हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के 2023 के यह आंकड़े चौंकाने वाले हैं। रिपोर्ट बताती है कि प्रदेश में न्याय की रफ्तार बेहद धीमी है, जिसके चलते 15 लाख से ज्यादा मामले कोर्ट में लंबित है। 2023 के अंत तक राजस्थान की अदालतों में भारतीय दंड संहिता के 6 लाख 76 हजार 448 और विशेष और स्थानीय कानून के 3 लाख 696 मामले लंबित थे। चिंता की बात यह है कि इन मामलों में हत्या, बलात्कार केस की भरमार हैं और पीड़ितों को न्याय पाने के लिए सालों तक भटकना पड़ रहा है। संभवतयाः न्यायपालिका में जजों की कमी, जांच एजेंसियों द्वारा समय पर चार्जशीट दाखिल न करना और तारीख-पर-तारीख का लंबा सिलसिला इस देरी के मुख्य कारण हैं। एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार, राजस्थान पुलिस द्वारा IPC मामलों में चार्जशीट दाखिल करने की दर भी महज 49.9% है। चार्जशीट के मामले में भी राजस्थान पुलिस काफी पीछे है यानी पुलिस 50 फीसदी मामलों में तो जांच भी पूरी नहीं कर पाती है। क्रिमिनल के मुकाबले सिविल मामले ज्यादा लंबित हैं। हाईकोर्ट में लंबित केस- 6,11,650, सिविल के 4,34,511 और 1,77,139 क्रिमिनल केस और जयपुर बैंच में 3,61,875 और जोधपुर बैंच में 2,49,775 मुकदमे लंबित चल रहे हैं।

### बिस्कुट वापस लेने के वायरल वीडियो का सच आया सामने



**जयपुर।** राजस्थान के सियासी गलियारों में इस वक्त एक वीडियो खूब वायरल हो रहा है, जिसमें बीजेपीकी एक महिला कार्यकर्ता कैंसर वार्ड में एक मरीज को बिस्किट देती और फोटो खींचने के बाद पैकेट वापस लेती दिखाई दे रही है। यह कार्यक्रम सांगानेर विधानसभा के श्योपुर मंडल के अंतर्गत 23 सितंबर को आरयूएचएस अस्पताल में आयोजित किया गया था। बीजेपी श्योपुर मंडल अध्यक्ष गोपाल सैनी ने इसे राजनीतिक षड्यंत्र करार दिया है। सैनी का दावा है कि मरीज के पास पहले से ही बिस्किट का पैकेट रखा हुआ था। जब बीजेपी कार्यकर्ता ने उसे दूसरा पैकेट देने की कोशिश की, तो मरीज ने लेने से इंकार कर दिया।

**जोधपुर के वायरल बिल से खुलासा,** वित्त विभाग ने भी स्वीकारा, गाय की हो रही मदद


# राजस्थान में शराब पर लग रहा 20% 'गौ-सेस'

FAIR REPORT
जयपुर

क्या आपने कभी अपनी बीयर या शराब के बिल में गाय की सेवा के लिए अलग से टैक्स चुकाया है? अगर आप राजस्थान में किसी बार या रेस्टोरेंट में शराब पीते हैं, तो हां! हाल ही में जोधपुर के एक बार का बिल सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसने राजस्थान में शराब पीने वालों को हैरान कर दिया है। इस बिल में शराब पर जीएसटी और वैट के अलावा 20% अतिरिक्त गौ-टैक्स वसूला गया है। यह वायरल बिल लोगों के बीच बहस का विषय बन गया है।

### 2650 का बिल हो गया 3262 रुपए

मामला 30 सितंबर का है। जोधपुर के पार्क प्लाजा होटल के बार में एक ग्राहक ने कुछ अमेरिकन कॉर्न फ्रिटर्स और 6 बीयर ऑर्डर की। कुल बिल ₹2650 बना। लेकिन ग्राहक ने ₹3262 चुकाए। यह अंतर जीएसटी, वैट और सबसे चौंकाने वाली बात 20% गौ-टैक्स के कारण आया। मैनेजर निखिल प्रेम ने बताया कि यह सरकारी नोटिफिकेशन साल 2018 से लागू है। "हम इस पैसे को ऑनलाइन सरकारी पोर्टल पर 'गौ संरक्षण और संवर्धन उपकर' के रूप में जमा कराते हैं।



GeoffreyS
GST INVOICE

Bill No. : 3084 Table : 3A
Date&Time : 30/09/25 22.52 Kot Nos : 2903
Steward : Ajay Covers : 2

| Item Name | Qty | Rate | Value |
|---|---|---|---|
| AMERICAN CORN FRITTERS ...... | 1 | 400.00 | 400.00 |
| BUDWISER BUDW 330ML | 4 | 400.00 | 1200.00 |
| CARLSBERG 330 / 650ML CARLSB 650 | 2 | 525.00 | 1050.00 |
| Sub Total | | | 2650.00 |
| CGST @ 9.00% | | | 36.00 |
| COW CESS @ 20.00% | | | 90.00 |
| SGST @ 9.00% | | | 36.00 |
| VAT @ 20.00% | | | 450.00 |
| Sub Total | | | 0.00 |
| Net Amount | | ₹ | 3262.00 |

### गौ-संरक्षण पर 200 करोड़ से ज्यादा खर्च

राज्य सरकार गौ-संरक्षण पर ₹2000 करोड़ से ज्यादा खर्च करती है, जिसमें से ₹600 करोड़ गौशालाओं के अनुदान के लिए है। सूत्रों का कहना है कि गौ-सेस से मिले पैसे के अलावा, इस पूरे फंड को पूरा करने के लिए सरकारी अनुदान की भी जरूरत होती है। राजस्थान में शराब के लिए आपकी जेब से निकला यह पैसा 'पवित्र गाय' की मदद तो कर ही रहा है।

### 'वैल्यू एडिशन' पर सेस : वित्त विभाग

राजस्थान के राजस्व प्रभारी वित्त सचिव कुमार पाल गौतम ने भी इसकी पुष्टि की। उन्होंने बताया कि गौ-सेस एक सरचार्ज के रूप में लिया जाता है, जब भी किसी बिल पर वेल्यू एडिशन होती है। आसान शब्दों में कहें तो जब कोई रेस्टोरेंट या बार शराब की बोतल को ग्राहक की टेबल तक पहुंचाकर और उसे परोसकर अतिरिक्त शुल्क लेता है, तो उस अतिरिक्त शुल्क (वेट) पर भी यह गौ-सेस लगाया जाता है।

**वसुंधरा सरकार ने शुरू किया, कांग्रेस ने जारी रखा**
गौ-सेस 2017 में वसुंधरा राजे सरकार में स्टाम्प ड्यूटी पर 10% सरचार्ज लगाकर गौ-टैक्स शुरू किया गया था। 22 जून 2018 को, वसुंधरा राजे सरकार ने ही विदेशी शराब, भारतीय निर्मित विदेशी शराब और देशी शराब पर 20% सरचार्ज लगाने का नोटिफिकेशन जारी किया था। इसके बाद राजस्थान में आई कांग्रेस सरकारों ने भी इस 'गौ-टैक्स' को जारी रखा।

**वेस्टर्न डिस्टरबेंस** एक्टिव होने से मौसम ने ली करवट

# गंगानगर में धुंध छाई, कई जगह हुई बारिश

FAIR REPORT
जयपुर

मानसून की विदाई के बाद भी राजस्थान के कई हिस्सों में लगातार बारिश जारी है। इससे तापमान में गिरावट भी देखने को मिलने रही है। श्रीगंगानगर जिले में वेस्टर्न डिस्टरबेंस के एक्टिव होने से मौसम ने करवट ली है। तापमान में भारी गिरावट के साथ ठंडक बढ़ गई है। शनिवार सुबह ग्रामीण इलाकों और बॉर्डर एरिया में हल्की धुंध देखी गई। वाहनों और पेड़-पौधों पर ओस की बूंदें नजर आईं। श्रीगंगानगर में शनिवार सुबह न्यूनतम तापमान 26 डिग्री दर्ज किया गया। जबकि शुक्रवार को अधिकतम तापमान 36.8 डिग्री और न्यूनतम 25.9 डिग्री रहा। चित्तौड़गढ़ के बड़ी सादड़ी में शाम 4:30 बजे से 6 बजे तक तेज बारिश हुई। डेढ़ घंटे में 79 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। इस दौरान शहर के कई इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई।



### पार्वती बांध में पानी की जोरदार आवक, अचानक खोल दिए 2 गेट

धौलपुर के सरमथुरा इलाके में शनिवार को जल संसाधन विभाग में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब पार्वती बांध के कैचमेंट एरिया के डांग इलाके से जोरदार पानी की आवक हो गई। बांध की भराव क्षमता 223.41 पर पानी पहुंचने पर जल संसाधन विभाग ने 2 फीट तक 2 गेट खोलकर 2107 क्यूसेक पानी पार्वती नदी में रिलीज करना पड़ा। नदी के तटीय क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सुरक्षित रहने की नसीहत दी गई है। संबंधित पंचायतों के सरपंच, हल्का पटवारी निगरानी रख रहे हैं।
**उदयपुर में उदय सागर झील के गेट खोले:** उदयपुर में पिछले दो दिनों से शहर सहित ग्रामीण इलाकों में लगातार बारिश का दौर जारी है। प्रशासन ने उदय सागर झील के गेट तीन-तीन फीट खोल दिए। कैचमेंट एरिया में हो रही बारिश के कारण उदयपुर की आयड नदी में भी लगातार पानी की आवक देखने को मिल रही है।

### आज व कल तेज बारिश

नए पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से राजस्थान में 5-6 अक्टूबर को आंधी, बारिश और ओले का अलर्ट जारी किया गया है। 5 अक्टूबर को चार जिलों को छोड़कर पूरे राजस्थान में येलो और 6 अक्टूबर को 8 जिलों में ऑरेंज अलर्ट रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार 30-40 किलोमीटर स्पीड से आंधी चलने की आशंका है। पिछले 24 घंटो में दिन और रात के तापमान में परिवर्तन हुआ है। कहीं-कहीं हल्की ठंड का भी असर देखने को मिल रहा है।इधर, बालोतरा के जसोल क्षेत्र में शनिवार सुबह 11 बजे लूणी नदी की रपट पार करने के दौरान बाइक सवार महिला-पुरुष नदी में बह गए। सिविल डिफेंस और स्थानीय तैराकों की टीम ने दोनों को बाहर निकाला। तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।

## कांग्रेस नेता डूडी की अंतिम यात्रा में शामिल हुए गहलोत- डोटासरा



FAIR REPORT
जयपुर

कांग्रेस नेता और पूर्व नेता प्रतिपक्ष रामेश्वर डूडी का आज सुबह निधन हो गया। ब्रेन स्ट्रोक के बाद पिछले दो साल से कोमा में थे और उन्होंने शुक्रवार देर रात घर पर ही आखिरी सांस ली। नोखा के बिरमसर गांव में जन्मे डूडी का राजनीतिक सफर पंचायत से शुरू हुआ, फिर कांग्रेस के दिग्गज नेताओं में शुमार हो गए थे।
पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, राजस्थान कांग्रेस के चीफ गोविंद सिंह डोटासरा और पूर्व मंत्री बीडी कल्ला समेत कई कांग्रेस नेता श्रद्धांजलि देने पहुंचे। इसके अलावा खाद्य आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा भी पहुंचे।प्रदेश में किसानों की बुलंद आवाज रहे डूडी पंचायत समिति प्रधान, जिला प्रमुख, विधायक और सांसद के साथ विधान सभा में नेता प्रतिपक्ष भी रहे।गहलोत ने कहा कि रामेश्वर डूडी सच्चे किसान नेता थे, जिन्होंने हमेशा किसानों की आवाज बुलंद की। उनके निधन से प्रदेश को बहुत बड़ी क्षति हुई है। ईश्वर से प्रार्थना है कि परिवार को इस दुख को सहने की शक्ति दे। वहीं गोविंद डोटासरा ने कहा कि डूडी गरीब और मजलूमों की आवाज थे, उन्होंने हमेशा जनहित को प्राथमिकता दी। खाद्य मंत्री सुमित गोदारा ने उन्हें 'किसान केसरी' बताते हुए कहा कि उनका जाना समाज और राजनीति दोनों के लिए अपूरणीय क्षति है।

## भ्रष्टाचार में लिप्त रहे कार्मिकों पर एक्शन


FAIR REPORT
जयपुर

राजस्थान सरकार ने राजकीय कार्य के निष्पादन में लापरवाही, अनुशासनहीनता एवं भ्रष्टाचार के दोषी कार्मिकों के विरुद्ध निरंतर सख्त कार्रवाई की है। राजकीय सेवाओं में अनुशासन और ईमानदारी के लिए सर्वोपरि स्थान सुनिश्चित करने के क्रम में राज्य सरकार द्वारा कुल 15 प्रकरणों में 28 कार्मिकों के विरुद्ध विभिन्न अनुशासनात्मक कार्यवाहियां की गई हैं।राजस्थान प्रशासनिक सेवा के दो अधिकारियों को रिश्वत लेने एवं नियम विरुद्ध कार्य करने के प्रकरणों में मुख्यमंत्री के निर्देश पर निलम्बित किया गया है। चुनाव कार्य में लापरवाही बरतने के एक अन्य मामले में उपखण्ड अधिकारी एवं तहसीलदार के विरुद्ध राजस्थान सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1958 के नियम 16 के अंतर्गत आरोप पत्र जारी कर विभागीय कार्यवाही की स्वीकृति दी है। सेवा से निरंतर अनुपस्थित एक कार्मिक को अनिवार्य सेवानिवृत्ति की अनुशंसा को अनुमोदित किया है। अभियोजन स्वीकृति के लंबित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण करते हुए तीन प्रकरणों में कुल 13 अधिकारियों के विरुद्ध अभियोजन स्वीकृति प्रदान की गई है।

## राजस्थान के 15 IAS और 3 IPS को बिहार चुनाव की जिम्मेदारी

FAIR REPORT
जयपुर





चुनाव आयोग ने बिहार राज्य विधानसभा चुनावों और उपचुनावों के लिए तैनात किए जाने वाले केंद्रीय पर्यवेक्षकों को जानकारी दी है। जिसमें, राजस्थान से 15 आईएएस और तीन 3 आईपीएस को पर्यवेक्षक लगाया है। भारत के चुनाव आयोग ने आज बिहार विधानसभा के आगामी आम चुनाव और कुछ राज्यों में उपचुनावों के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षकों के रूप में तैनात किए जाने वाले सामान्य, पुलिस और व्यय पर्यवेक्षकों के लिए आईआईआईडीईएम, नई दिल्ली में एक ब्रीफिंग का आयोजन किया। बैठक में 287 आईएएस अधिकारी, 58 आईपीएस अधिकारी और आईआरएस/आईआरएएस/आईसीएएस और अन्य सेवाओं के 80 अधिकारियों सहित 425 अधिकारियों ने भाग लिया।
आईएएस अधिकारी देबाशीष पृष्टि, मंजू राजपाल, अम्बरीष कुमार, आरुषि अजय मलिक, जोगाराम, रोहित गुप्ता, शुचि त्यागी, अर्चना सिंह, राजन विशाल, मनीषा अरोड़ा, एमएल चौहान, पुष्पा सत्यानी, रश्मि शर्मा, आशीष मोदी, बचनेश कुमार अग्रवाल। इसके अलावा आईपीएस अधिकारियों में राघवेंद्र सुहासा, शरत कविराज,अजय पाल लांबा बिहार चुनाव में पर्यवेक्षक लगाए हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने चुनाव आयुक्त डॉ सुखबीर सिंह संधू और डॉ विवेक जोशी के साथ केंद्रीय पर्यवेक्षकों को जानकारी दी है।

## कंडक्टर भर्ती की लिखित परीक्षा 6 नवंबर को होगी

**जयपुर।** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड कंडक्टर सीधी भर्ती की परीक्षा कराने जा रहा है। इसकी लिखित परीक्षा 6 नवंबर को होगी। बोर्ड ने इस भर्ती में वांछित शैक्षणिक योग्यता या फिर आवश्यक दस्तावेज नहीं होने के बावजूद परीक्षा के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को आवेदन वापस लेने का अवसर दिया है। ऐसे अभ्यर्थी 5 से 7 अक्टूबर के बीच फार्म वापस ले सकेंगे। परीक्षा में 1 लाख 10 हजार अभ्यर्थियों ने फार्म भरा है। यह परीक्षा पहले 22 नवंबर से प्रीपोन (पहले करते हुए) 3 नवंबर की गई और अब 2 नवंबर को ग्राम विकास अधिकारी भर्ती परीक्षा के कारण इसे पोस्टपोन करते हुए 6 नवंबर को कराया जाएगा।

**सुनील शेट्टी बोले,** 'यह प्लांट सिर्फ एक प्रोजेक्ट नहीं, यह मजबूत संदेश- भारत वेस्ट को अवसर में बदल सकता है'

# प्रदेश में बनेगा देश का सबसे बड़ा टायर रीसाइक्लिंग प्लांट

FAIR REPORT
जयपुर

भारत में प्रतिवर्ष 3।4 मिलियन टन से अधिक टायर गाड़ियों से निकलने के बाद बेकार हो जाते हैं। जबकि वैश्विक स्तर पर यह आंकड़ा 1 बिलियन से अधिक है। प्लास्टिक और ई-कचरे की तरह ही टायर वेस्ट भी अत्यधिक विषाक्त और ज्वलनशील होता है। ऐसे में राजस्थान में भारत का सबसे बड़ा टायर रीसाइक्लिंग प्लांट बनेगा। राजस्थान मूल का क्लीनटेक स्टार्टअप 'रीग्रिप इंडिया प्राइवेट लिमिटेड' देश के सबसे बड़े वेस्ट-टू-एनर्जी टायर रीसाइक्लिंग प्लांट की डिजिटल आधारशिला रखने जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्घाटन रीग्रिप में निवेशक और बॉलीवुड अभिनेता सुनील शेट्टी और निवेशक रिकांत पिट्टी द्वारा किया गया। डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा ने इस दौरान निवेशकों से मुलाकात की।



### देश के पहले प्लांट की सौगात हमें मिली

यह प्लांट प्रतिदिन 180 टन और प्रति वर्ष लगभग 54,000 टन टायरों की रीसाइक्लिंग क्षमता के साथ भारत का सबसे बड़ा टायर रीसाइक्लिंग प्लांट में से एक होगा। इसमें इस्तेमाल की जा रही मेड इन इंडिया कंटिन्युअस पाइरोलिसिस तकनीक विशेष रूप से 24x7 संचालन के लिए डिजाइन की गई है, जो उच्च गुणवत्ता वाला रिकवर्ड कार्बन ब्लैक, पाइरोलिसिस ऑयल और स्टील का उत्पादन करती है। इस प्लांट से हर साल 54,000 टन टायरों की रीसाइक्लिंग की जाएगी, जिससे कार्बन उत्सर्जन में भारी कमी आएगी।

इस मौके पर अभिनेता और रीग्रिप में निवेशक, सुनील शेट्टी ने कहा, टायर वेस्ट सस्टेनेबिलिटी की दिशा में भारत की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है। रीग्रिप पैमाने, तकनीक और प्रभाव के साथ इसका समाधान पेश कर रहा है। यह प्लांट सिर्फ एक प्रोजेक्ट नहीं है, यह एक मजबूत संदेश है कि भारत किस तरह वेस्ट को अवसर में बदल सकता है। उन्होंने कहा कि वेस्ट से कुछ अच्छा बनाना ही अब भविष्य में मायने रखेगा। रीग्रिप में निवेशक, रिकांत पिट्टी ने कहा कि यह प्रोजेक्ट इस बात का बेहतरीन उदाहरण है कि कैसे भारत के स्टार्टअप्स वैश्विक स्तर की समस्याओं का समाधान पेश कर सकते हैं। अब राजस्थान भारत के सबसे बड़े टायर-टू-एनर्जी प्लांट का घर बन रहा है।

### प्रदेश अग्रणी बन रहा: सीईओ

रीग्रिप के संस्थापक और सीईओ, तुषार सुहालका ने बताया कि यह भारत के टायर-न्यूट्रल भविष्य की नींव है। हमें गर्व है कि राजस्थान इस दिशा में अग्रणी भूमिका निभा रहा है, जहां देश का सबसे बड़ा लाइसेंस प्राप्त कंटिन्युअस पाइरोलिसिस प्लांट स्थापित किया जा रहा है। यह एक ऐसा मॉडल है जिसे पूरे भारत में दोहराया जा सकता है। राजस्थान भारत का उभरता हुआ क्लीन-टेक हब बनने की ओर अग्रसर है। राइजिंग राजस्थान द्वारा समर्थित और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के कार्यक्रमों के तहत मान्यता प्राप्त, रीग्रिप इस बात का प्रतीक है कि कैसे राज्य-संचालित औद्योगिक नीति और स्टार्टअप इकोसिस्टम राष्ट्रीय स्तर पर प्रभाव डाल सकते हैं।

**पुष्कर में व्यापारियों के सामने संकट : ,** सालाना टर्नओवर 500 करोड़ रुपए था, जो अब सवा 200 करोड़ रह गया, अनेक कारीगर वापस लोटै

# गारमेंट मैन्युफैक्चरिंग कारोबार को लगा ग्रहण, 40 फीसदी मंदी!

**FAIR REPORT**
**अजमेर**

तीर्थ नगरी पुष्कर की पहचान धार्मिक पर्यटन नगरी के रूप में विश्व पटल पर है, लेकिन यह कम ही लोग जानते हैं कि गारमेंट्स मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में पुष्कर का दुनिया के 30 देशों से कारोबारी नाता है। पुष्कर में बने कपड़े विदेशों में काफी पसंद किए जाते हैं। सन 1980 से पुष्कर में गारमेंट्स मैन्युफैक्चरिंग की शुरुआत बहुत ही छोटे स्तर पर हुई थी। 100 से अधिक फैक्ट्रियां पुष्कर में वर्तमान में संचालित हो रही हैं। दो वर्ष पहले तक गारमेंट्स मैन्युफैक्चरिंग के कारोबार का सालाना टर्नओवर 500 करोड़ रुपए था, जो अब सवा 200 करोड़ रह गया। 10 फीसदी सालाना बढ़ोतरी करने वाला कारोबार विगत दो माह में 40 फीसदी घट गया। कारोबार पर मंदी का साया है और कारोबार में असमंजस का माहौल है।

पुष्कर में 1980 में छोटे स्तर पर गारमेंट मैन्युफैक्चरिंग की शुरुआत हुई। पुष्कर में खरीदार घूमने के लिए आया करते थे। उन्हें कपड़े पसंद आने लगे और वह अपने मन मुताबिक कपड़े सिलवाने के लिए ऑर्डर देने लगे। 10-20 कपड़ों का वह ऑर्डर देते थे। कपड़े तैयार होने पर उन कपड़ों को पोस्ट ऑफिस से अपने देश पार्सल करते थे। धीरे-धीरे कपड़ों की डिमांड बढ़ने के साथ-साथ विदेशी खरीदारों की संख्या भी बढ़ने लगी।

सन 1989 को एक्सपोर्ट का लाइसेंस उन्हें पहली बार मिला। इसके बाद तो पुष्कर में गारमेंट्स मैन्युफैक्चरिंग को पंख लग गए। स्थानीय कई लोगों ने गारमेंट्स मैन्युफैक्चरिंग में रुचि दिखाई। उन्होंने बताया कि वर्तमान में पुष्कर में छोटी-बड़ी 100 से भी अधिक फैक्ट्रियां हैं, जहां 10 हजार से भी अधिक लेबर काम करते हैं। इनमें दर्जी, ठेकेदार भी शामिल हैं। यह स्किल्ड लेबर बिहार, बंगाल, उत्तर प्रदेश से हैं, जो पुष्कर में रहकर अपने हुनर और मेहनत से कारोबार को आगे बढ़ाने में सहायक हैं।



### इजरायली पर्यटक अधिक

गारमेंट्स मैन्युफैक्चरिंग के काम को 2 साल से ग्रहण लगा हुआ है। रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध के कारण यूरोप के देशों में गारमेंट एक्सपोर्ट कम हो गया है। वहीं, दूसरी ओर इजरायल और फिलीस्तीन के बीच चल रहे युद्ध के कारण भी गारमेंट एक्सपोर्ट को बड़ा झटका लगा है। दरअसल, पुष्कर आने वाले विदेशी पर्यटकों में सबसे अधिक संख्या इजरायली पर्यटकों की होती है। पुष्कर में बने कपड़े इजरायली पर्यटकों को खूब रास आते हैं, इसलिए छोटे-बड़े खरीदार इजरायल से पुष्कर आते रहते हैं और उनका व्यापारिक संबंध भी पुष्कर से बन चुका है। दो माह पहले अमेरिका के टैरिफ लगाने के बाद कारोबार के हालात और विकट हो गए। अमेरिका में बड़ी संख्या में पुष्कर का गारमेंट निर्यात होता है। 50 फीसदी टैरिफ होने से अमेरिकन खरीदार हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं, लिहाजा उन्होंने ऑर्डर देना बंद कर दिया है।

## ब्रीफ खबरें

### 45 किलो चांदी और 10 लाख रुपए जब्त किए, एक गिरफ्तार



**सिरोही।** प्रदेश के सिरोही जिले के आबू रोड पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 45 किलो 600 ग्राम चांदी और 10 लाख रुपए नकद जब्त किए गए। इस दौरान एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया गया। यह कार्रवाई पुलिस के विशेष अभियान के तहत की गई, जिसका मकसद अवैध शराब तस्करी और गैरकानूनी गतिविधियों पर रोक लगाना है। पुलिस अधीक्षक प्यारेलाल शिवरान के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक किशोरसिंह चौहान और वृत्ताधिकारी गोमाराम के नेतृत्व में आबू रोड रीको थाना प्रभारी लक्ष्मणसिंह चम्पावत की टीम ने मावल पुलिस चौकी के पास नाकाबंदी की थी। इस दौरान एक कार (नंबर जीजे 39 सीए 7614) को रोका गया। कार की तलाशी में पुलिस को गुप्त बॉक्स मिले, जिनमें 45 किलो 600 ग्राम चांदी और 10 लाख रुपए नकद बरामद हुए। दकार चालक मिमल से जब चांदी और नकदी के बारे में दस्तावेज मांगे गए तो वह कोई कागजात नहीं दिखा सका। इसके बाद पुलिस ने चांदी, नकद राशि और कार को जब्त कर लिया। मिमल को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू की गई है। पुलिस को शक है कि यह चांदी और नकदी अवैध गतिविधियों से जुड़ी हो सकती है।

### जोधपुर में रेग्जीन फैक्ट्री धधकी, आसमान तक उठा धुएं का गुबार



**जोधपुर।** शहर के सिवांची गेट क्षेत्र स्थित एक रेग्जीन फैक्ट्री में शनिवार दोपहर करीब एक बजे अचानक भीषण आग भड़क उठी। आग ने कुछ ही मिनटों में फैक्ट्री को अपनी लपटों में समेट लिया। आग का धुआं इतना ज्यादा था कि वह काफी दूर से ही नजर आ रहा था। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची। फिलहाल आग पर काबू पाने का प्रयास जारी है। सिवांची गेट के पास गोदाम के सामने एक रैग्जीन फैक्ट्री में शनिवार दोपहर एक बजे अचानक धुआं उठना शुरू हुआ। मिनटों में ही धुएं की जगह लपटों ने ले ली। फायर ऑफिसर प्रशांत सिंह ने बताया कि मौके पर चार दमकलें लगी हुई हैं। फोम स्प्रे भी किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आग इतनी भयंकर थी कि लपटों के साथ उठता काला धुआं आसमान को ढंकता चला गया। शहर के अलग-अलग हिस्सों जैसे शास्त्री नगर से लेकर पाल रोड और बासनी क्षेत्र तक धुएं का गुबार दिखाई देने लगा। लोग घरों और सड़कों पर निकलकर कौतूहलपूर्वक आकाश की ओर देखते रहे। फायर ऑफिसर सिंह ने बताया कि आग लगने की जानकारी के बाद शास्त्रीनगर और बासनी दमकल स्टेशन से दो-दो गाड़ियां मौके पर रवाना की गई। रेग्जीन अत्यधिक ज्वलनशील पदार्थ है, इसलिए फोम-युक्त दमकल स्प्रे भी किया जा रहा है। आग पर नियंत्रण पाना चुनौती बना हुआ है।

### साइबर ठग गिरफ्तार, फिल्मों में काम दिलाने का देता था झांसा

**कोटा।** साइबर थाना कोटा शहर की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक ऐसे शातिर साइबर ठग को गिरफ्तार किया है, जो फर्जी कास्टिंग कंपनी बनाकर लड़कियों को फिल्म और मॉडलिंग में काम दिलाने का झांसा देकर ठगी करता था। आरोपी की पहचान दीपक मीणा उर्फ दक्ष (27) निवासी झारगांव थाना बूढ़ादीत, हाल निवासी श्यामनगर, कोटा के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं, जिनमें कई लड़कियों से चैट और साइबर ठगी के लेनदेन के रिकॉर्ड मिले हैं। अब तक आरोपी द्वारा करीब 10 लाख रुपए की ठगी करने की पुष्टि हुई है।जिला पुलिस अधीक्षक तेजस्विनी गौतम ने बताया कि दिनांक 21 सितंबर को परिवादी समीर हुसैन (23) निवासी विज्ञान नगर निवासी ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि मेरी ई मित्र की दुकान पर एक लडका दीपक मीणा आता हैं जो मेरे अकाउंट में ऑनलाइन रुपये डलवाता हैं व मेरे से नगद ले कर जाता हैं जिससे मेरे अकाउंट पर अलग अलग जगह से साइबर फ्रॉड की कंपलेन लग गयी हैं व राशि मेरे खाते से अलग अलग खातों में रिफण्ड हो गई, जिससे मुझे काफी नुकसान भी हुआ हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए एएसपी दिलीप सैनी के निर्देशन में डीएसपी विनोद कुमार और साइबर थाना प्रभारी सतीशचंद के नेतृत्व में टीम गठित की गई।

**मोह-माया से विरक्ति :** गोद भराई की रस्म भव्यता के साथ संपन्न हुई

# तीन जैन श्रावक करोड़ों का कारोबार छोड़ लेंगे संन्यास

**FAIR REPORT**
**उदयपुर**

राजस्थान के उदयपुर में आचार्य पुण्य सागर महाराज के चातुर्मास के दौरान तीन जैन श्रावक करोड़ों का कारोबार छोड़कर संन्यास जीवन अपनाने जा रहे हैं। इनमें फरीदाबाद के बिजनेसमैन आदर्श कुमार जैन, मुंबई के अरविंद कोटड़िया और उदयपुर मूल के देवीलाल भोरावत शामिल हैं। जैन समाज के अनुसार, तीनों दीक्षार्थियों का दीक्षा समारोह चातुर्मास का सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन होगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाएं शामिल होंगे। श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मन्दिर हिरण मगरी सेक्टर 4 स्थित नागेंद्रा भवन में वर्षा योगरत आचार्य पुण्य सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में तीन जैनेश्वरी दीक्षा रविवार को मध्यान्ह 1 बजे से शुरू होगी। इससे पहले शनिवार को दीक्षार्थियों की गोद भराई की रस्म हुई।



शनिवार को आचार्य पुण्य सागर महाराज के सानिध्य में दीक्षार्थी आदर्श कुमार जैन फरीदाबाद, अरविंद कोटड़िया, मुम्बई एवं देवीलाल भोरावत, मुम्बई को कर पात्र (हाथों में) में आहार ग्रहण करवाया। इससे पहले दीक्षार्थियों द्वारा जंबु द्वीप विधान भक्ति भाव से किया गया। दीक्षार्थियों द्वारा जिनाभिषेक, आचार्य के पाद प्रक्षालन भेंट की गई।

68 वर्षीय आदर्श कुमार जैन फरीदाबाद में पेपर मिल के स्पेयर पाट्र्स का कारोबार कर रहे थे। रूड़की यूनिवर्सिटी से मैकेनिकल इंजीनियरिंग करने के बाद एस्कॉर्ट लिमिटेड में नौकरी की, फिर खुद का बिजनेस शुरू किया। उनका सालाना टर्नओवर लगभग 3 करोड़ रुपए था। उन्होंने बताया कि धर्म में मन अधिक लगता था, इसलिए दीक्षा लेने का निर्णय किया।

### भक्ति नृत्य किया गया

दीक्षार्थियों की गोद भराई की रस्म शनिवार को भव्यता के साथ संपन्न हुई। जिसमें समाज की महिलाओं ने सज-धज कर एक से बढ़कर एक भक्ति नृत्य किया। समाज के पुरुष भी भक्ति नृत्य में पीछे नही रहे। दीक्षार्थियों के परिवार जन एवं समाज जन ने श्रीफल, मेवे, फल आदि से गोद भराई की। इस अवसर पर प्रतिष्ठाचार्य पंडित हंसमुख जैन ने कहा कि मुमुक्षु के हृदय में वह शक्ति शाश्वत सत्ता का भाव जीवित रहे इसलिए मंगलदीप, मंगल गान, और मंगल द्रव्यों के साथ गोद भराई की रस्म हुई। दीक्षा तो यह तीन व्यक्ति ले रहे हैं लेकिन लाखों लोग हर्षित हो रहे हैं स्वर्ग के सारे देवता आज हर्षित हो रहे हैं। सायंकाल दीक्षार्थियों की भव्य शोभा यात्रा निकली।

### थानाधिकारी और हेड कांस्टेबल को सस्पेंड किया



**उदयपुर।** मर्डर के एक मामले में लीलाराम और ललित 5 लोगों को पकड़कर 15 दिनों तक उनसे सौदेबाजी करते रहे। इस दौरान आरोपी हेड कांस्टेबल ललित जोशी ने थानाधिकारी लीलाराम बामणिया के कहने पर जमीन के बदले दलाल कैलाश और किशन से 10 लाख रुपए लिए। उदयपुर के नाई पुलिस थाना क्षेत्र में मर्डर के मामले में 5 निर्दोष लोगों को पकड़कर रिश्वत के रूप में जमीन की रजिस्ट्री करवाने वाले थानाधिकारी और हेड कांस्टेबल को सस्पेंड कर दिया गया। शनिवार शाम को आईजी गौरव श्रीवास्तव ने आदेश जारी कर दोनों को सस्पेंड किया। दोनों के खिलाफ लंबित केस में लापरवाही बरतने की शिकायत की जांच हुई तो वह सही पाई गई। इस मामले में शनिवार को सांसद मन्नालाल रावत समेत कई बीजेपी नेताओं ने आईजी से मिलकर कार्रवाई की मांग की थी।

## तीन गिरफ्तार, हाईवे पर टैंकर से चुराते थे डीजल

**FAIR REPORT**
**अजमेर**

जिले में टैंकर से डीजल चोरी का वीडियो बनाने वालों से मारपीट मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। टैंकर ड्राइवर हाईवे पर एक ढाबे पर रूककर डीजल चोरी करवा रहा था। इसका क्रेशर संचालकों के साथियों ने वीडियो बनाया था। बदमाशों ने उन्हें देखकर लाठी-डंडों से जमकर पीटा था। मामला मांगलियावास थाना क्षेत्र का है। सेंदरिया के क्रेशर संचालक सौरभ रावत ने बताया- रावत ने बताया कि वे सराधना डिपो से डीजल टैंकर मंगवाते हैं। कई बार टैंकर में डीजल कम निकलता था। शक होने पर अपने कर्मचारियों को टैंकर का पीछा करने के कहा था।



टैंकर ड्राइवर रास्ते में हाईवे पर एक ढाबे पर रुका था। तब 7-8 लोगों ने टैंकर से डीजल चोरी करने लगे। इस दौरान कर्मचारियों ने उनका वीडियो बना लिया। बदमाशों ने उन्हें देखकर लाठी-डंडों से मारपीट की। मामले की जांच के बाद राकेश (23), जितेंद्र (20) मनीराम (30) पुत्र पाबुराम विश्नोई निवासी कानावास पुलिस थाना डांगियावास जिला जोधपुर को गिरफ्तार किया गया है।

### गहने चुराने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार

**बीकानेर।** शहर के मुरलीधर व्यास नगर में चोरी के मामले में पुलिस ने महज कुछ घंटों की मशक्कत के बाद तीन बदमाशों को अरेस्ट किया। फिलहाल चोरी किए गए माल की बरामदगी के प्रयास किए जा रहे हैं। एक दिन पहले तीनों आरोपियों ने मिलकर अशोक पुरोहित के घर से लाखों रुपए के गहनों के साथ करीब 80 हजार रुपए की नगदी चोरी कर ली थी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर सौरभ तिवाड़ी ने बताया- मुरलीधर व्यास नगर में रहने वाले अशोक पुरोहित के घर पर चोरी करने के मामले में 3 युवकों को गिरफ्तार किया है। तीनों ने चोरी की घटना कबूल की है। अब तीनों से बरामदगी का प्रयास हो रहा है।

## रामलीला में भड़क गए विधायक, आयोजक के साथ दुर्व्यवहार!

**FAIR REPORT**
**भीलवाड़ा**

भाजपा विधायक गोपीचंद मीणा रामलीला में आयोजकों की ओर से कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव धीरज गुर्जर को बुलाने की बात पर भड़के गए। उनपर आरोप है कि उन्होंने एक आयोजक को लात मारी और धक्का भी दिया। इसका वीडियो शनिवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। भाजपा विधायक गोपीचंद मीणा ने सफाई देते हुए कहा कि उन्होंने आयोजक को लात नहीं मारी है। उसको सिर्फ भाजपा के राजनेताओं के आगे पर्दा नहीं लगाने का इशारा किया है। शनिवार को जहाजपुर कस्बे में रामलीला का समापन हुआ। इस दौरान रामलीला आयोजन समिति ने क्षेत्रीय भाजपा विधायक गोपीचंद मीणा व कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव धीरज गुर्जर सहित सामाजिक संगठन से जुड़े पदाधिकारी को आमंत्रित किया था। जहाजपुर नगरपालिका के सहयोग से आयोजित इस रामलीला के मंचन में शनिवार शाम क्षेत्रीय भाजपा विधायक गोपीचंद मीणा, प्रधान प्रतिनिधि किशोर कुमार शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष पहुंचे और मंच पर बैठे थे। इसी दौरान कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव वह जहाजपुर से पूर्व विधायक धीरज गुर्जर भी आयोजन समिति के निमंत्रण पर वहां पहुंचे और आयोजन समिति के कहने पर रामलीला में आए भक्तों को संबोधन की शुरुआत कर दी।

बताया जा रहा है कि इससे नाराज होकर मंच पर बैठे क्षेत्रीय भाजपा विधायक गोपीचंद मीणा ने आयोजक प्रकाश गुजराती को खूब खरी-खोटी सुनाई। साथ ही आरोप है कि दूर जाने का इशारा करते हुए उन्हें लात मार दी। इस दौरान विधायक मीणा के पास ही बैठे प्रधान पति किशोर कुमार शर्मा उन्हें समझाते भी नजर आ रहे हैं। जहाजपुर कस्बे में होता है आयोजन इस संबंध में विधायक गोपीचंद मीणा ने कहा कि नगर पालिका के सहयोग से जहाजपुर कस्बे में प्रतिवर्ष रामलीला का आयोजन होता है। यहां कुछ पदाधिकारियों ने षड्यंत्रपूर्वक कांग्रेस के पूर्व विधायक धीरज गुर्जर को भी बुला लिया। हमें इसमें कोई आपत्ति नहीं है, क्योंकि जो कांग्रेस भगवान श्री राम को काल्पनिक कहते थे वही आज रामलीला में भाग ले रहे हैं।

**कार्रवाई की मांग :** वन्यजीव प्रेमियों ने उठाए सवाल, जंगल में बाघों की दिनचर्या होती है बेहद संवेदनशील

# टाइगर रिजर्व के कोर एरिया में योग करने पहुंचे लोग

**FAIR REPORT**
**बूंदी**

रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व, जिसे राजस्थान का नया और चमकता बाघों का घर कहा जाता है, इन दिनों सुर्खियों में है। वजह न तो कोई बाघ की मूवमेंट है और न ही जंगल की कोई नई खोज, बल्कि वजह है जंगल के बीच योगासन। जिस जगह इंसानों की हलचल भी सख्त वर्जित है, वहां कुछ खास लोगों को योग करने और जंगल के बीच घूमने की खुली छूट दी गई। मामला सामने आते ही रामगढ़ टाइगर फाउंडेशन के अध्यक्ष त्रिभुवन सिंह हाड़ा ने आपत्ति जताई है। इस मामले में एसीएफ नवीन नारायणी का कहना है कि मामले की जानकारी मिली है, रेंजर और स्टॉफ से इस संबंध में जवाब मांगा जा रहा है। त्रिभुवन सिंह ने आरोप लगाते हुए कहा कि घटना गंभीर है। इससे वन विभाग की आंतरिक हलचल में भी सवाल उठ रहे हैं। मामला शनिवार का बताया जा रहा है। इसमें कुछ लोगों को खुलेआम योग करते हुए देखा गया। वन्यजीव प्रेमियों का कहना है कि जंगल में बाघों की दिनचर्या बेहद संवेदनशील होती है। छोटी-सी हलचल, वाहनों की आवाजाही या इंसानों का जमावड़ा भी बाघों के शिकार, प्रजनन और मूवमेंट पर गहरा असर डाल सकता है।



रामगढ़ टाइगर फाउंडेशन के अध्यक्ष त्रिभुवन सिंह हाड़ा ने बताया कि मामला गंभीर है। उन्होंने तत्काल प्रदेश के वनमंत्री संजय शर्मा और सीसीएफ सुगनाराम को शिकायत भेजकर इस तरह के आयोजन करवाने वालों पर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने बताया कि तत्कालीन डीएफओ अरविंद कुमार झा ने आरवीटीआर में इस तरह की गतिविधियों को लेकर सख्त आदेश जारी किए थे। उनका कहना था कि टाइगर रिजर्व कोई पिकनिक स्पॉट नहीं है, जहां कोई भी आकर अपनी गतिविधियां कर सके। विजय अमृत सिंह हाड़ा ने कहा कि योग करना अच्छी बात है, लेकिन इस तरह की लापरवाही अच्छी नहीं है।

वन्यजीव प्रेमी महिपाल सिंह का साफ कहना है कि कोर और क्रिटिकल एरिया में वाहनों की आवाजाही और मानव गतिविधियां सीधा खतरा है। टाइगर रिजर्व का मकसद ही यह है कि वहां बाघ बिना इंसानी हस्तक्षेप के रह सकें। अभी कोर एरिया की परमिशन ही नहीं है, उसके बावजूद लोग कोर एरिया में किसके आदेश से पहुंचे?

### जानकारी नहीं, बोले वन अधिकारी

इस मामले में डीएफओ देवेंद्र भाटी का कहना है कि इस मामले की जानकारी नहीं है। 2 अक्टूबर से वन्यजीव सप्ताह चल रहा है। इसमें हम सरकारी कर्मियों को जंगल का भ्रमण करवा रहे हैं, लेकिन को एरिया में किसी को जाने की परमिशन नहीं है। इसी प्रकार एसीएफ नवीन नारायणी का कहना है उन्हें भी अभी आधा घंटे पहले ही इस मामले की जानकारी लगी है कि कुछ लोग कंटेनर के साथ कोर एरिया के रामगढ़ महल पर पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि फिलहाल कोर एरिया में किसी भी गतिविधियों पर पाबंदी है।

VISION INDIA FAIR REPORT 04

# After Success in Army Recruitment, Soldier Offers Silver AK-47 to Sanwaria Seth

FAIR REPORT



**Chittorgarh/Manish Malani** An unusual offering at the famous Shri Sanwaria Seth Temple in Mewar has become the talk of the town. Ajay Menaria, a resident of Meenar village and a serving soldier in the Indian Army, presented a 327-gram silver AK-47 rifle to his revered deity, Sanwaria Seth. This offering was made as a fulfillment of his vow after being selected in the Agniveer Army Recruitment.

Fulfilling His Promise After Agniveer Selection

Ajay shared that he had appeared for the Agniveer recruitment exam in April 2023 and had vowed before the exam that if he succeeded, he would make a special offering at the temple. His wish came true — he cleared the exam in July, began training in November, and successfully completed it by June 2024, after which he was posted in Delhi. Upon returning home on leave, Ajay, along with his family and fellow soldiers Taran Menaria and Bharat Menaria, visited the temple to fulfill his vow and offered the specially crafted silver rifle at the deity's feet.

### Silver Rifle Becomes Center of Attraction

Devotees present in the temple were astonished when Ajay presented the silver AK-47. The beautifully designed rifle quickly became a point of attraction. Many devotees said that offering symbolic gifts after the fulfillment of a vow is an old tradition at the temple — some offer house models, others items linked to their profession or life. Now, this silver AK-47 has become a unique addition to that tradition.

### Love for Discipline and Adventure Drew Him to the Army

After completing his B.Sc., Ajay decided to pursue a career that combined discipline, adventure, and service to the nation. Inspired since childhood by the Indian Army, he began preparing for recruitment under the Agniveer scheme with full dedication. "My dream came true by the grace of Sanwaria Seth," he said. "This offering is my way of expressing gratitude."

# Free Park Entry for Students This Week



FAIR REPORT

**JAIPUR:** The 71st World Wildlife Week has turned into a special gift for students passionate about nature and animals. As part of the celebrations, students can visit the Nahargarh Biological Park free of cost until October 8. According to Assistant Forest Conservator Devendra Singh Rathore, the initiative has generated huge enthusiasm among schoolchildren and college students. On Saturday alone, over 2,000 students visited the park, where they were thrilled to watch the playful activities and movements of various wild animals. Experts accompanying them shared engaging information about different species, their natural behavior, and the importance of conservation. The campaign is being conducted under the supervision of Chief Conservator of Forests (Wildlife), Jaipur, Dr. T. Mohanraj, and the guidance of Deputy Conservator of Forests (Wildlife), Jaipur Zoo, Vijaypal Singh. The aim is to instill awareness of biodiversity and wildlife protection among young visitors. Rathore said the initiative is helping children develop curiosity and sensitivity towards the environment and wildlife. As part of Wildlife Week activities, an awareness discussion on "Human-Wildlife Coexistence" was organized at the MNIT campus. The event, chaired by Vijaypal Singh, featured insights from several experts including retired Deputy Conservator Devendra Bhardwaj, Professor Virendra Saran, Senior Veterinary Officer Dr. Arvind Mathur, and Regional Forest Officer Jitendra Singh Shekhawat. Following the discussion, a mock drill was conducted to demonstrate precautions students should take if they encounter wildlife nearby. In addition, daily activities such as drawing, essay writing, quizzes, and awareness sessions are being held for students. On Saturday, competitions in picture identification and short essays were also organized.

# Ravan 'Tiya' Ritual Draws Devotees

FAIR REPORT

**Jaipur:** witnessed a unique spectacle on Saturday when a "Tiya" ceremony—a mourning ritual usually observed after a person's death—was held for Ravan. The event was organized by the Pratap Nagar Sector-8 Vyapar Mandal at Emerald Garden, with participation from the local Dussehra Mela Committee and traders' association.

Organizers explained that this tradition has been followed for years, making the Pratap Nagar Dussehra Mela one of its kind not only in India but across the world. Unlike most places where the effigy of Ravan is simply burnt, here the rituals continue beyond the symbolic act. Just like after a person's death, the community performs the full



sequence of rites — cremation, ashes immersion, mourning meeting, pagdi (turban) ceremony, and Brahmbhoj (community feast).

Following the mourning meet, the ashes will be taken first to Ayodhya for the darshan of Ram Lalla and prayers for peace, and then to Nepal's Kathmandu. There, the immersion will be carried out in the Bagmati River behind the famed Pashupatinath temple, with prayers for the liberation of Ravan's soul and for the eradication of evils from society. "We pray that social evils like corruption and crimes against women are destroyed along with Ravan's effigy, bringing peace and prosperity to the nation," said Vyapar Mandal president Rajendra Patel. He added that, just like human ashes are immersed in holy rivers, Ravan's remains should also be given the same sanctity instead of being discarded as waste.

### Young Man Found Dead in Vacant Plot; Police and FSL Team Investigate

**JAIPUR:** A shocking discovery was made in the Journalist Colony area of Jaipur this morning when the body of a young man was found in a vacant plot, reportedly around three days old. Locals who spotted the body immediately alerted the police, prompting a large police presence at the scene. Resident Mukesh Bagda stated that the body was discovered near Vinayak Sarovar Golyawas. The police reached the site promptly and called in the Forensic Science Laboratory (FSL) team for further investigation.

# SMS HOSPITAL PERFORMS FIRST ROBOTIC TRANSPLANT

FAIR REPORT

**Jaipur:** Jaipur's Sawai Mansingh (SMS) Hospital has successfully performed its first-ever robotic kidney transplant, marking a major medical milestone. The three-and-a-half-hour-long surgery involved a 71-year-old mother donating a kidney to her 34-year-old son, whose kidneys had failed due to high blood pressure. The young man had been dependent on dialysis for the past several months. Head of the Urology Department, Dr. Shivam Priyadarshi, said that this was the first robotic transplant at SMS, although the hospital had previously conducted robotic surgeries in other specialities. The surgical team included Dr. Neeraj Agrawal, Dr. Govind Sharma, Dr. Somendra Bansal, along with anesthesiologists Dr. Varsha Kothari, Dr. Anupama Gupta, and Dr. Siddharth Sharma.Doctors explained that the donor kidney was retrieved laparoscopically through a small 5–6 cm incision, while the recipient's surgery was performed using a robotic system with a 6–7 cm incision. The minimally invasive approach ensured quicker recovery and reduced discomfort for both patients.

# Three Convicted in Seven-Year-Old Attempt-to-Murder Case, One Accused Dies During Trial

FAIR REPORT

**Chittorgarh:** Presiding Officer Vinod Kumar Bairwa of the Additional Sessions Judge Court No. 2, Chittorgarh, has sentenced three accused to five years of rigorous imprisonment each in a seven-year-old attempt-to-murder case. The court has also imposed a fine of 85,000 on each convict. Meanwhile, proceedings against one accused were terminated following his death during the trial.

### Old Rivalry Led to the Attack

According to Additional



Public Prosecutor Mamta Jeenagar, the case pertains to the Chanderiya police station area. In June 2018, the complainant Jagdish Chandra lodged an FIR stating that he had gone with his son Dinesh to Nandram Prajapat's shop on Nimbahera Road to repair their motorcycle's tyre and tube. During this time, due to an old rivalry, several men—Gaurilal Gurjar, Laxman Gurjar, Prabhulal Gurjar, Kailash Gurjar, Raju Gurjar, Kamlesh Goswami, Shankarlal Salvi, and Ganpat Gurjar—arrived at the spot.

### Father and Son Attacked with Sword

As per the report, Gaurilal and Raju Gurjar attacked Jagdish and his son Dinesh with a sword, causing serious injuries to both. The remaining accused also joined in the assault before fleeing the scene. Police reached the spot upon receiving the information, rescued the injured, and admitted them to the hospital. A case was registered, and the accused were later arrested.

### Findings During Investigation

The investigation revealed that several of the accused were not directly involved in the attack. However, sufficient evidence was found against Gaurilal Gurjar, Narayan Gurjar, Shankarlal Salvi, and Ratanlal Gurjar. The prosecution presented 25 documents and the statements of 20 witnesses before the court. During the trial, Narayan Gurjar passed away, and proceedings against him were therefore closed.

### Court Sentences Three Accused

After considering all evidence, the court found Gaurilal Gurjar, Shankarlal Salvi, and Ratanlal Gurjar guilty. The judge stated that, given the seriousness of the offense, the punishment was appropriate and necessary to deter such incidents in the future.

# Newlywed Flees With Lover and Valuables

FAIR REPORT

**JAIPUR:** In a dramatic incident, a newly married woman allegedly fled with her lover, taking away jewelry and cash worth lakhs from her in-laws' house in Bassi. The woman had been married barely seven months ago, in February this year.According to Head Constable Shyamlal, a local woman from Bassi lodged a report stating that her son's wife, a resident of Alwar, disappeared from the house on October 1. She allegedly called her lover to the house in her husband's absence and left with him. Before leaving, she is accused of stealing gold and silver ornaments along with 1 lakh in cash.The complainant further claimed that soon after the wedding, suspicions arose as the daughter-in-law was often found communicating with other men. Upon inquiry, it was revealed that she was involved in an illicit relationship with a youth from Alwar. Police said a case has been registered at Bassi police station, and a missing person report has been filed. A search operation has been launched to trace the woman and her alleged accomplice.

# Four Fake Tour Guides Arrested for Cheating Tourists



FAIR REPORT

**JAIPUR:** Police have arrested four men who were posing as tourist guides and cheating domestic as well as foreign visitors at popular heritage locations in the city. The Tourist Police launched surprise checks and caught the accused from outside Hawa Mahal, Chhoti Chaupar, Jal Mahal, and Ramgarh Mod.DCP (North) Karan Sharma said that ahead of the festive season, when Jaipur expects a surge of visitors, all police station officers had been instructed to act strictly against unauthorized guides to ensure a safe and hassle-free tourism experience. Acting on these directives, the police detained four individuals from key tourist sites.The accused have been identified as Furman (34), a resident of Jagdish Colony at Ramgarh Mod currently living in Vinayak Nagar Colony, Amer; Aman (25), originally from Bareilly in Uttar Pradesh and presently residing in Galta Gate, Jaipur; Saif Ali (27), from New Indra Colony, Jal Mahal; and Deepak Soni (23), a resident of Tamil Colony, Jal Mahal. Officials said further investigation is underway. Police will continue close monitoring at major tourist spots to prevent harassment, cheating, and fraud against visitors, ensuring that Jaipur remains a safe and welcoming destination for travelers.

# Action Against Substandard Food Under 'Shuddh Aahar, Milavat Par Vaar' Drive



FAIR REPORT

**JAIPUR:** The Rajasthan government's ongoing campaign "Shuddh Aahar – Milavat Par Vaar" (Pure Food – Strike on Adulteration) gained momentum in Jaipur on Saturday as food safety teams conducted surprise inspections at multiple establishments. The drive was carried out under the directions of Food Safety and Drug Control Commissioner Dr. T. Shubhmangla. At Shyam Paneer Mawa Rasgulla Industry in Sirsi, a follow-up inspection was held after a sample of paneer collected in June 2025 was declared substandard. During the visit, officials collected fresh samples of milk and found that paneer production and sale had already been halted at the unit. Another inspection was conducted at the Sirsi Village Cooperative Milk Production Center, where it was discovered that quality checks on collected milk were not being performed as per prescribed standards. Officials informed the Jaipur District Milk Producers Cooperative Union Ltd. about the lapse and collected milk samples for testing. At Bagda Sweet Caterers on Hasanpura Road, Sodala, samples of sweets and paneer were taken.

Printed And Published By Loveena Wadhwa, Printed at Maharani printers plot no 17, MMA Vishno Nagar Kalwar Road Jaipur, Published at P1 Ambit Sapphire Jyoti Nagar Housing Board, JAIPUR RAJASTHAN 302005• Editor and Chief: Loveena Wadhwa• Editor: Sushil Pal •Managing Editor: Anish Thomas Responsible for Selection of News Under the PRB act.